# Newsletter Govt. Polytechnic Bhatapara

**वर्ष-3 अंक-1** **जनवरी – फरवरी 2024**

## Industrial Training Presentation

दिनांक 4 जनवरी 2024 को इलेक्ट्रिकल विभागाध्यक्ष श्रीमती सुनीता तिवारी, व्याख्याता श्री भूपेन्द्र कुमार देवांगन एवं सभी शिक्षक उपस्थित रहे | पंचम सेमेस्टर के विद्यार्थियों का Industrial training presentation कराया गया | जिसमें उनके द्वारा industrial training के दौरान किए गए कामों के बारे बताया गया |







## Slump cone test of concrete

दिनांक 6 जनवरी 2024 को विभागाध्यक्ष श्री उपेंद्र कुमार पटेल एवं श्री मनीष कुमार राज के द्वारा Slump cone test कराया गया। इस परीक्षण में सिविल पंचम सेमेस्टर के विद्यार्थी सम्मिलित रहे|

परीक्षण का उपयोग करके ताजा बने कंक्रीट की कार्य क्षमता की जांच की जानी चाहिए ताकि निर्माणकर्ता प्लेसमेंट आसानी से कर सकें। यह काम के दौरान ऑन-साइट तैयार किया गया एक सरल और कम लागत वाला परीक्षण है।



# विद्यालय भ्रमण

संचालनालय के निर्देशानुसार शासकीय तकनीकी संस्था के सभी व्याख्याताओं एवं अंशकालीन व्याख्याताओं द्वारा भाटापारा क्षेत्र के 33 विद्यालयों का भ्रमण दिनांक 08-01-2024 से 15-01-2024 तक कर विद्यार्थियों को पॉलिटेक्निक से परिचित कराया गया तथा पॉलिटेक्निक में प्रवेश हेतु प्रेरित किया गया |




















## Consultancy work

दिनांक 17-01-2024 को सिविल तृतीय एवं  पंचम सेमेस्टर के विद्यार्थियों को Plate load test, सेमरिया घाट के समीप ग्राम अमलीडीह में करवाया गया | इस टेस्ट की सहायता से मिट्टी की bearing capacity test का पता लगाया जाता है | इस टेस्ट में संस्था के प्राचार्य एवं सिविल विभाग के व्याख्याता श्री उपेन्द्र कुमार पटेल, श्री मनीष कुमार राज ,सुश्री आकांक्षा देशमुख एवं अंशकालीन व्याख्याता श्री हिमेंद्र डहरे, सुश्री बुलबुल अग्रवाल उपस्थित रहे|





## अग्निवीर भर्ती कार्यशाला

दिनांक 18-01-2024 को संस्था के प्राचार्य डॉ. आई. सी.भारती सर एवं डॉ.मोनिका जैन संस्था के 10 छात्रों को लेकर छत्तीसगढ़ शासन के रोजगार विभाग द्वारा आयोजित अग्निवीर भर्ती कार्यशाला रायपुर में उपस्थित रहे |





Concrete Mix Design for M30 Compressive Strength: Consultancy related Work on 20-1-2024




## सिकल सेल परीक्षण कार्यशाला

संस्था की NSS इकाई द्वारा सिकल सेल परीक्षण कार्यशाला का आयोजन दिनांक 20-01-2024 को किया गया | संस्था के विद्यार्थियों एवं व्याख्याताओं ने अपना परीक्षण करवाया | भाटापारा अस्पताल के CHO सुश्री मंजू के निर्देशन में कार्यशाला संपन्न हुई |







## VTP प्रायोगिक परीक्षा

दिनांक 24-01-2024 को संस्था में VTP (computer) की प्रायोगिक परीक्षा CSSDA द्वारा सम्पन्न हुई | उक्त परीक्षा में संस्था के कंप्यूटर साइंस के व्याख्याता श्री अभिषेक देवांगन, VTP के प्रशिक्षक श्री दुष्यंत वर्मा एवं VTP के सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे |




## अग्निवीर भर्ती कार्यशाला

संस्था में दिनांक 29-01-2024 को अग्निवीर भर्ती हेतु कार्यशाला का आयोजन डॉ. मोनिका जैन व्याख्याता रसायन के द्वारा किया गया | इस कार्यशाला में संस्था के NSS प्रभारी श्री रोशन लाल कैवर्त, प्रथम वर्ष प्रभारी विभागाध्यक्ष श्रीमती आम्रपाली बंसोड, श्री अभिषेक देवांगन, श्रीमती ज्योति सेन उपस्थित रहे |

उक्त कार्यशाला में संस्था में 21वर्ष से कम आयु के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के छात्र –छात्राएं सम्मिलित रहे |





## गणतंत्र दिवस समारोह

संस्था में दिनांक 26 जनवरी 2024 को 75 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया | इस आयोजन में विभागाध्यक्ष इलेक्ट्रिकल श्रीमती सुनीता तिवारी मैडम द्वारा ध्वजारोहण उपरांत उपस्थित सभी लोगो ने सामूहिक राष्ट्रगान गाया | विभागाध्यक्ष इलेक्ट्रिकल श्रीमती सुनीता तिवारी मैडम ने सुमधुर गीत गाकर सभी के दिलों में राष्ट्रभक्ति की भावना का संचार किया | विद्यार्थियों ने सामूहिक नृत्य के माध्यम से राष्ट्र के प्रति अपनी भक्ति को उजागर किया | मिष्ठान्न उपरांत डॉ.मोनिका जैन ने कार्यक्रम समापन की घोषणा की |











**खेल प्रतियोगिता का आयोजन**

संस्था में दिनांक 31-01-2024 को खेल प्रभारी श्रीमती आम्रपाली बंसोड के द्वारा संस्था की छात्राओं हेतु दौड़ का आयोजन किया गया| इस प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष की छात्राएं शामिल रही | NSS प्रभारी श्री रोशन लाल कैवर्त एवं अंशकालीन व्याख्याता श्रीमती ज्योति सेन के सहयोग से कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया |

विजेता छात्राओं की सूची-

| क्रमांक | विधा का नाम | स्थान | छात्राओं का नाम | ब्रांच/सेमेस्टर |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 100 मी दौड़ | प्रथम | ममता ध्रुव | सिविल प्रथम |
| | | द्वितीय | रितु घृतलहरे | सिविल तृतीय |
| | | तृतीय | स्वाति वर्मा | सिविल प्रथम |
| 2 | 200 मी दौड़ | प्रथम | रितु घृतलहरे | सिविल तृतीय |
| | | द्वितीय | स्वाति वर्मा | सिविल प्रथम |
| | | तृतीय | लीना सिंह ठाकुर | इलेक्ट्रिकल पंचम |
| 3 | 400 मी रिले दौड़ | प्रथम | लीना सिंह ठाकुर | इलेक्ट्रिकल पंचम |
| | | प्रथम | रितु घृतलहरे | सिविल तृतीय |
| | | प्रथम | कुंती चक्रधारी | सिविल तृतीय |
| | | प्रथम | काजल | सिविल तृतीय |







## Industrial Training का प्रेजेंटेशन


दिनांक 09-02-2024 मेकेनिकल पंचम सेमेस्टर के छात्रों के द्वारा Industrial Training का प्रेजेंटेशन दिया गया | उक्त प्रजेंटेशन में मेकेनिकल विभाग के श्री रोशन लाल कैवर्त, श्री सुनील अनंत, श्री नितिन कुम्भकार, श्री पंकज खूंटे एवं श्री भूपेन्द्र पटेल उपस्थित रहे |












## मेकेनिकल विभाग द्वारा तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर के विद्यार्थियों हेतु प्रायोगिक परीक्षा का आयोजन

- मेकेनिकल विभाग के द्वारा सत्र 2023-24 में पंचम सेमेस्टर के विद्यार्थियों का "Fluid Power Engineering" and "Automobile Engineering" विषय का प्रायोगिक परीक्षा दिनांक 07-02-2024 को Govt ITI Bhatapara के प्राचार्य श्री अजय कुमार गढ़ेवाल एवं संस्था के विषय शिक्षक श्री पंकज खूंटे के द्वारा लिया गया |



- मेकेनिकल विभाग के द्वारा सत्र 2023-24 में तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों का "Machine Drawing" विषय का प्रायोगिक परीक्षा दिनांक 02-03-2024 को शासकीय पॉलिटेक्निक बलौदाबाजार के अंशकालीन व्याख्याता श्री प्रकाश वर्मा एवं संस्था के विषय शिक्षक श्री नितिन कुमार के द्वारा लिया गया |



- मेकेनिकल विभाग के द्वारा सत्र 2023-24 में तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों का "Thermal Engineering" विषय का प्रायोगिक परीक्षा दिनांक 02-03-2024 को शासकीय पॉलिटेक्निक कोरिया के व्याख्याता श्री नीरज वर्मा एवं संस्था के विषय शिक्षक श्री भूपेन्द्र कुमार पटेल के द्वारा लिया गया |



## CSVTU Inspection

दिनांक 10-02-2024 को संस्था में CSVTU की ओर से सत्र 2024-25 में सम्बद्धता प्रदाय करने हेतु इंस्पेक्शन का कार्य किया गया | संस्था में प्राचार्य डॉ. आई. सी. भारती सर, इलेक्ट्रिकल विभागाध्यक्ष श्रीमती सुनीता तिवारी एवं संस्था में CSVTU के कार्यों के प्रभारी श्री नितिन कुमार ने Inspection Team members को संस्था के प्रत्येक लैब, कक्षाएं, ग्रंथालय का भ्रमण करवाया |



## क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन



दिनांक 12-02-2024 को संस्था में प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन संस्था की खेल प्रभारी श्रीमती आम्रपाली बंसोड, राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी श्री रोशन लाल कैवर्त, मेकेनिकल विभाग के अंशकालीन व्याख्याता श्री पंकज खूंटे, श्री भूपेन्द्र कुमार पटेल, सिविल से श्री हिमेंद्र डहरे एवं इलेक्ट्रिकल के श्री अंकित मेश्राम उपस्थित रहे |

उक्त प्रतियोगिता में विजेता छात्रों की सूची-

| क्रमांक | छात्रों के नाम | ब्रांच/सेमेस्टर |
|---|---|---|
| 1 | हिमांशु वर्मा | मेकेनिकल प्रथम |
| 2 | करन वर्मा | मेकेनिकल प्रथम |
| 3 | सुनील वर्मा | मेकेनिकल प्रथम |
| 4 | संदीप साहू | मेकेनिकल प्रथम |
| 5 | पोषन वर्मा | मेकेनिकल प्रथम |
| 6 | भोलाराम | मेकेनिकल प्रथम |
| 7 | विक्रम ठाकुर | मेकेनिकल प्रथम |
| 8 | प्रियांशु वर्मा | मेकेनिकल प्रथम |
| 9 | दिव्यांशु वर्मा | मेकेनिकल प्रथम |
| 10 | कुनाल नायक | इलेक्ट्रिकल प्रथम |
| 11 | प्रेमलाल वर्मा | इलेक्ट्रिकल प्रथम |





# अल्ट्राटेक सीमेंट द्वारा सेमिनार का आयोजन

दिनांक 24/02/2024 को संस्था के सिविल इंजीनियरिंग प्रथम एवं अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं के लिए सेमिनार आयोजन किया गया, जिसमें अल्ट्राटेक सीमेंट से Cement Manufacturing and Basic of Construction Materials विषय पर विशेषज्ञ श्री (Er.) Ved Tripathi, Territory Manager, Technical Services UltraTech Cement व्दारा व्याख्यान दिया गया, उक्त सेमिनार में सिविल इंजीनियरिंग विभाग के स्टाफ सम्मिलित हुए ।








# Profile of a Teacher



## Akanksha Deshmukh

B.E in Civil Engineering

(Bhilai Institute of Technology,Durg)

M.Tech in Structural Engineering

(R G P V Bhopal)

Teaching Experience - 8.5 years

Paper published -02

संस्था के सिविल इंजीनियरिंग की व्याख्याता सुश्री आकांक्षा देशमुख ने इस संस्था में अपनी शासकीय सेवा का प्रारंभ दिनांक 07/10/2016 से किया।

इसके पूर्व इन्होंने छ. ग. गृह निर्माण मंडल में उप अभियंता के रूप में 1.5 वर्ष सेवा प्रदान की। संस्था में इन्होंने व्याख्याता सिविल इंजीनियरिंग के साथ क्रमशः सहायक ग्रंथपाल (2016 -2018), सर्वे लैब प्रभारी (2016 वर्तमान), प्रभारी विभागाध्यक्ष (2017 -2019), ट्रेनिंग प्लेसमेंट ऑफिसर (2017 -2019), छात्रवृत्ति प्रभारी (2020 से वर्तमान), प्रभारी आयकर (2020 से वर्तमान), प्रभारी (internal revenue generation) (2020 से वर्तमान) इत्यादि कार्यों के संपादन के साथ संस्था के विभिन्न कार्यों में सहभागिता दी।

वर्तमान में सर्वे लैब, मैटेरियल टेक्नोलॉजी लैब के प्रभार के साथ तृतीय वर्ष में Structural design and drafting-II तथा द्वितीय वर्ष में Surveying-II विषयों का अध्यापन करवा रही हैं।



**संपादकीय-**

यह अत्यंत गर्व एवं हर्ष की बात है कि संस्था के न्यूज़लेटर पिछले दो वर्ष का हमारा प्रयास आप सभी की उम्मीदों पर खरा उतरा, इसी ख़ुशी के साथ हम संस्था के न्यूज़लेटर के तृतीय वर्ष के प्रथम अंक का प्रकाशन कर रहे हैं | संस्था के प्रत्येक विभाग की उपलब्धियों को हमने इस न्यूज़लेटर के माध्यम से आप सभी तक पहुचने का प्रयास पुरे लगन से किया है |

हमारा यह न्यूज़लेटर, संस्था के सभी व्यक्तियों के उम्मीदों पर खरा उतरने में प्रयासरत है |

## Vision of the Institute

To be a quality technical institute that will transform the Students to be skilled manpower and socially receptive Citizens.

## Mission of the Institute –

- Achieve improved teaching-learning process and industry integrated interactions to meet the need of the engineering Environment.
- Empower the students with knowledge, attitude and skill of employability, entrepreneurship and professionally ethical citizens.